सतना | गुरुवार | 25 दिसंबर 2025 | वर्ष 27 | अंक 113 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत





# इसरो ने रचा कीर्तिमान

## मोबाइल नेटवर्क तकनीक में आएगी नई क्रांति

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), 24 दिसंबर (वार्ता) अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित करते हुए भारत के भारी-भरकम रॉकेट एलवीएम3एम6 (जिसे 'बाहुबली' उपनाम दिया गया है) ने अमेरिका स्थित एएसटी मोबाइलस्पेस के 6.1 टन वजनी ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उन्नत संचार उपग्रह को सफलतापूर्वक पृथ्वी की निम्नतम कक्षा (एलईओ) में स्थापित कर दिया.**

यहां शार रेंज से दूसरे प्रक्षेपणपथ से 24 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद,एक विशेष वाणिज्यिक मिशन में, स्वदेशी रॉकेट ने निर्धारित समय पर सुबह 8:54 बजे शानदार उड़ान भरी. सैकड़ों दर्शकों ने प्रक्षेपण गैलरी से इस मिशन को देखा. निसार उपग्रह के बाद अमेरिका द्वारा किया गया दूसरा मिशन यह उपग्रह, 16 मिनट की उड़ान अवधि के बाद सफलतापूर्वक और सटीक रूप से 520 किमी की वृत्ताकार निचली पृथ्वी कक्षा में स्थापित हो गया. इसरो ने घोषणा की, एलवीएम3एम6 ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. बाद में एक ट्वीट में उसने कहा, मिशन सफल रहा. एलवीएम3-एम6 मिशन ने ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 उपग्रह को सफलतापूर्वक उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है. आईएसआरओ की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 के सफल प्रक्षेपण के लिए टीम आईएसआरओ को बधाई. इस उपग्रह को विश्वभर में स्मार्टफोन को सीधे हाई-स्पीड सेलुलर ब्रॉडबैंड प्रदान करने के लिए डिजाइन किया है, जिससे यह मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए वैश्विक एलईओ तारामंडल का हिस्सा बन जाता है.


### पीएम मोदी बोले- भारत की अंतरिक्ष यात्रा में मील का पत्थर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसरो को बधाई दी. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट में लिखा- यह भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है. भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है. यह भारत की भारी-भरकम लॉन्च क्षमता को मजबूत करता है और ग्लोबल कॉमर्शियल लॉन्च मार्केट में हमारी बढ़ती भूमिका को मजबूत करता है.

### आकाश एनजी मिसाइल का सफल टेस्ट

**नई दिल्ली, 24 दिसंबर.** भारत को डिफेंस सेक्टर में एक और बड़ी सफलता मिली है. चीन और पाकिस्तान, भारत की इस कामयाबी से टेंशन में आ गए होंगे. दरअसल, रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नेक्स्ट जेनरेशन आकाश मिसाइल सिस्टम यानी आकाश-एनजी के यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल्स को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. इन परीक्षणों के साथ ही इस अत्याधुनिक मिसाइल सिस्टम के भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है. डीआरडीओ के मुताबिक, ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से नष्ट किया. इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे. यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और आकाश में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है.



आप सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं !

# आज दो लाख करोड़ के निवेश के लिए जमीन होगी आवंटित

- ग्वालियर में आज होगा अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट
- केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह भी होंगे शामिल



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में गुरुवार को ग्वालियर के मेला ग्राउंड में 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट - निवेश से रोजगार' का राज्य स्तरीय आयोजन होगा। यह आयोजन औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन और रोजगार आधारित विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।**

कार्यक्रम में निवेशकों को सिंगल क्लिक से औद्योगिक प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित ग्रोथ समिट आत्मनिर्भर, समृद्ध और रोजगार-समृद्ध मध्यप्रदेश के संकल्प को रेखांकित करेगी। समारोह में शामिल होने गृह मंत्री अमित शाह सहित सीएम डॉ. मोहन यादव, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ग्वालियर पहुंच चुके हैं।

(शेष पेज 02 पर)

### आज प्राकृतिक खेती प्रकल्प का शुभारंभ करेंगे केंद्रीय गृह मंत्री

**भोपाल, 24 दिसंबर.** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 दिसम्बर को रीवा में प्राकृतिक खेती पर कृषक सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे. केन्द्रीय गृह मंत्री शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती प्रकल्प का शुभारंभ करेंगे. इसके बाद गौ अभ्यारण्य के समीप आयोजित विशाल कृषक सम्मलेन में शिरकत करेंगे. कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, हेमन्त खंडेलवाल भी शामिल होंगे. अतिथियों द्वारा ई-कार्ट के माध्यम से गौ-शाला का अवलोकन किया जायेगा. कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई कृषि विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे.

## एक नजर में



### अरावली में अब नए खनन की इजाजत नहीं : केंद्र

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने अरावली पहाड़ियों की पूरी रक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सभी संबंधित राज्यों को निर्देश दिए हैं कि अरावली क्षेत्र में कोई नई खनन लीज नहीं दी जाएगी. यह रोक गुजरात से दिल्ली तक फैली पूरी अरावली श्रृंखला पर एक समान लागू होगी. इसका मकसद अवैध और बिना नियंत्रण वाले खनन को पूरी तरह रोकना और अरावली को एक सतत भू-आकृति के रूप में बचाना है. अरावली पहाड़ियां दिल्ली-एनसीआर की हवा को साफ रखने, रेगिस्तान के फैलाव को रोकने, भूजल को रिचार्ज करने और जैव विविधता को संरक्षित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

### इंजीनियर पति ने पत्नी को मारी 4 गोलियां, मौत

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. जहां एक 40 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अलग रह रही पत्नी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई. वहीं बाद में इंजीनियर ने खुद पास के पुलिस स्टेशन में जाकर सरेंडर कर दिया. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी. अधिकारी के मुताबिक पीड़िता, भुवनेश्वरी (39), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बसवेश्वरनगर ब्रांच में असिस्टेंट मैनेजर थीं. वह काम से घर लौट रही थीं, तभी आरोपी बालामुरुगन ने शाम 6.30 बजे से 7 बजे के बीच मगाडी रोड के पास उन्हें रोक लिया.

## गुस्ताखी माफ




## लीबिया के सेना प्रमुख की प्लेन क्रैश में मौत

**त्रिपोली, 24 दिसंबर.** लीबिया की सेना प्रमुख, मोहम्मद अली अहमद अल-हदाद की मंगलवार को एक हवाई दुर्घटना में मौत हो गई। उनके अलावा विमान में सवार 7 और लोग भी मारे गए। वह अपने हवाई जहाज से तुर्की की राजधानी अंकारा की आधिकारिक यात्रा के बाद वापस आ रहे थे। उड़ान भरने के करीब 40 मिनट बाद हादसा हुआ। लीबिया की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के प्रधानमंत्री ने अब्दुल हामिद दबीबा ने इसे दुखद दुर्घटना बताया. उन्होंने बताया कि विमान में हदाद के अलावा लीबिया की थल सेना के कमांडर, सैन्य विनिर्माण प्राधिकरण के निदेशक, कर्मचारी प्रमुख के एक सलाहकार और उनके कार्यालय का एक फोटोग्राफर भी सवार थे।

# सीएम डॉ. मोहन पहुंचे रावतपुरा धाम

- महंत रविशंकर महाराज से लिया आशीर्वाद
- पूजा करने के बाद रामकथा में हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**भिंड। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार की देर शाम भिंड जिले में रावतपुरा धाम पहुंचे। वे यहां पूजा-अर्चना करने के बाद रामकथा में शामिल हुए और रावतपुरा धाम के महंत रविशंकर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।**

मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी आए हैं। उनका हेलिकॉप्टर निर्धारित समय से लगभग एक घंटे की देरी से रावतपुरा धाम में बने हेलीपैड पर उतरा। हेलीपैड पर प्रदेश सरकार के



नवीन और नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। मुख्यमंत्री ने हेलीपैड पर हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने रेलिंग पर खड़े भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनका स्वागत स्वीकार किया। इस अवसर पर सांसद संध्या राय, लहार विधायक अम्बरीश शर्मा गुड्डू, भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, चंबल कमिश्नर सुरेश कुमार, कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा और एसएसपी डॉ. असित यादव सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईडी ने 37 अचल संपत्तियां की कुर्क

**नई दिल्ली, 24 दिसंबर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के चंडीगढ़ जोनल कार्यालय ने बुधवार को कहा कि उसने आबकारी एवं कराधान विभाग, सिरसा से जुड़े वैट धोखाधड़ी के एक मामले में पदम बंसल, महेश बंसल और उनके परिवार के सदस्यों से संबंधित 17.16 करोड़ रुपये मूल्य की 37 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने हरियाणा के सिरसा जिले में पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की। आरोप था कि विभिन्न फर्मों ने फर्जी सी-फॉर्म का उपयोग करके सिरसा के उत्पाद शुल्क एवं कराधान विभाग से वैट वापसी का दावा किया था।

# वैभव ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**रांची 24 दिसंबर (वार्ता) युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दिन मात्र 36 गेंदों में शतक बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है. इसी के साथ वह 14 साल और 272 दिन की उम्र में पुरुषों की लिस्ट ए क्रिकेट में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं.**

रांची में प्लेट लीग के मैच में बिहार की ओर से खेल रहे सूर्यवंशी ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मात्र 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो कि टी-20 के इतर सीनियर क्रिकेट में उनका पहला शतक है. यह लिस्ट-ए मैचों में भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज शतक भी है. रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने पिछले साल



विजय हजारे ट्रॉफी : 36 गेंदों में शतक बनाया

अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ ही केवल 35 गेंदों में शतक बनाया था. सूर्यवंशी ने इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए मात्र 59 गेंदों में 150 रन पूरे किए, जो कि विश्व रिकॉर्ड है. उन्होंने इस मामले में एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ा.

# दिल्लीवासियों को केंद्र की सौगात

- 3 साल में पूरा होगा नया मेट्रो प्रोजेक्ट
- मोदी कैबिनेट ने दी फेज 5ए को मंजूरी

**नई दिल्ली, 24 दिसंबर. केंद्रीय कैबिनेट बैठक में दिल्ली मेट्रो के विस्तार को मंजूरी दे दी. केंद्र सरकार इस प्रोजेक्ट पर 12,015 करोड़ रुपए खर्च करेगी. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ब्रीफिंग में बताया कि दिल्ली मेट्रो से रोजाना करीब 65 लाख लोग सफर करते हैं, जबकि त्यौहारों या खास मौकों पर यात्रियों की संख्या बढ़कर 80 लाख के पार हो जाती है.**

इस प्रोजेक्ट के तहत 13 नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे, जिसमें 10 अंडरग्राउंड स्टेशन और 3



एलिवेटेड स्टेशन होंगे. यह प्रोजेक्ट 3 साल में पूरा होने का अनुमान है. केंद्रीय मंत्री ने कहा, 13 स्टेशन नए स्टेशन बनेंगे. 12,015 करोड़ रुपए की लागत से 16 किलोमीटर लंबी नई लाइन बिछाई जाएगी. इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो नेटवर्क 400 किलोमीटर से ज्यादा हो जाएगा. दिल्ली मेट्रो विस्तार के लिए केंद्र सरकार 1,759 करोड़ रुपए देगी, जबकि दिल्ली सरकार को भी इतनी ही राशि देनी है.

# 20 साल बाद साथ आए 'ठाकरे बंधु'

**मुंबई, 24 दिसंबर (वार्ता) महाराष्ट्र की राजनीति में बुधवार को एक बड़ा बदलाव तब देखने को मिला, जब शिवसेना (ठाकरे गुट) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने यहां आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए औपचारिक गठबंधन की घोषणा की।**

यह घोषणा महाराष्ट्र की राजनीति में एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है, क्योंकि वर्षों के अलगाव के बाद साथ आए ठाकरे बंधुओं का यह गठबंधन खासकर आगामी मुंबई महानगरपालिका चुनावों के समीकरणों को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखता है। इससे राज्य के




अन्य प्रमुख शहरों के निकाय चुनावों पर असर पड़ना तय है। इस अवसर पर गठबंधन की एकजुटता पर जोर देते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, हम साथ आए हैं और अब साथ ही रहेंगे। यह गठबंधन पूरी तरह और केवल मराठी मानुष के हितों के लिए है।

विरोधियों की आलोचनाओं का जवाब देते हुए राज ठाकरे ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उनके पास विरोधियों की पोल खोलने के लिए कई वीडियो मौजूद हैं। उन्होंने कहा, हमारे विरोधी चाहे कितनी भी आलोचना करें, मेरे पास उन्हें बेनकाब करने के लिए पर्याप्त वीडियो हैं।

**प्रदेश हुआ गौरवान्वित** | आकाशदीप के पिता मैनिट में सीनियर प्रोफेसर और मां डॉक्टर हैं

# 'कैट 2025' में चमके भोपाल के आकाशदीप

**भोपाल, 24 दिसंबर. कॉमन एडमिशन टेस्ट 'कैट' 2025 में भोपाल के होनहार व प्रतिभाशाली युवा आकाशदीप गोयल ने 99.67 परसेंटाइल हासिल कर भोपाल शहर में टॉप किया है.**

शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले आकाशदीप ने नवभारत से विशेष चर्चा में कहा कि उन्होंने दूसरे अटैम्प्ट में यह उपलब्धि हासिल की है. ग्वालियर के ट्रिपल आईटी से उन्होंने कंप्यूटर साइंस में बी टेक की डिग्री हासिल की है. आकाशदीप ने बताया कि वर्ष 2021 में इंजीनियरिंग करने के बाद से वे एक मल्टीनेशनल



कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर कार्य कर रहे थे. इसके बाद उन्होंने कैट की तैयारी के साथ ही यूपीएससी की तैयारी प्रारंभ की.

दूसरे अटैम्प्ट में शानदार उपलब्धि हासिल करने के बाद आकाशदीप बेहद खुश हैं और उनके माता पिता भी अपने पुत्र की शानदार सफलता पर भावुक से दिखाई दिए. माता डॉ मंजुषा गोयल गांधी मेडिकल कॉलेज में पीडियाट्रिक्स विभाग की प्रमुख हैं. जबकि उनके पिता डॉ. आदित्य गोयल मैनिट 'एनआईटी' भोपाल में सीनियर प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं. आकाशदीप ने बताया कि उन्होंने परीक्षा में सफलता के लिए सेल्फ स्टडी को तवज्जो दी. वे मॉक टेस्ट काफी देते थे और फिर गलतियां ढूंढकर उन्हें सुधारते थे. उन्होंने अपना बेस्ट देने का कार्य तैयारी और परीक्षा के दौरान दिया और नतीजा ईश्वर पर छोड़ दिया था. अब इस उपलब्धि पर काफी खुश हैं और निश्चित तौर पर यह ईश्वर की कृपा के साथ माता-पिता का आशीर्वाद है.

### ईमानदारी से मेहनत कर लक्ष्य पर करें फोकस

किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाले युवक युवतियों के लिए उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि एकाग्रता के साथ ईमानदारी से मेहनत कर अपने लक्ष्य पर फोकस करना चाहिए. इसके साथ ही पढ़ाई के दौरान अपनी गलतियों के बारे में पता लगाकर उन्हें दूर करने पर भी काफी ध्यान देने की आवश्यकता है.

# सराफा दुकान से 20 लाख के जेवरात व नकदी ले उड़े बदमाश

**हरपालपुर, 24 दिसंबर. जिले के हरपालपुर नगर के सबसे व्यस्त हरिहर रोड क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े सराफा दुकान से बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है. अज्ञात बदमाश सोने-चांदी के आभूषणों और नकदी से भरा बैग चुराकर फरार हो गए. चोरी की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिससे नगर में हड़कंप मच गया.**

जानकारी के अनुसार हरिहर रोड निवासी सराफा व्यापारी रामबाबू सोनी अपनी दुकान पर मौजूद थे. इसी दौरान दुकान में मरम्मत कार्य चल रहा था. सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच जब मिस्त्री ने उन्हें किसी काम से बाहर बुलाया, तभी बदमाशों ने मौके का



फायदा उठाते हुए दुकान के अंदर रखा बैग उठा लिया. बैग में लगभग 200 ग्राम सोना, करीब 5 किलो चांदी और लगभग डेढ़ लाख रुपये नकद होने का अनुमान है, जिसकी कुल कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही हरपालपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान का निरीक्षण किया.